पंजाब केसरी 17/12/2023



एड्स जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में निकाली गई एड्स जागरूकता रैली

अम्बाला, 16 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में शनिवार को एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. एस.एस. नैन और डा. के.के. पूनिया के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में डा. राकेश कुमार, डा. सरोज बाला, डा. कृति शर्मा एवं लवप्रीत सिंह और 115 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि किसी भी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए जागरुकता का होना आवश्यक है, इसलिए हम सबकी यह संयुक्त जिम्मेदारी है कि एड्स जैसी बीमारी के प्रति हम स्वयं जागरूक हों और समाज को इसके प्रति जागरूक करें।

डा. एस.एस. नैन ने कहा कि राजनीतिक विज्ञान विभाग इस प्रकार की जागरुकता से सम्बंधित अनेक ऐसी गतिविधियां आयोजित करता रहता है, जिससे समाज में एक नवीन एवं सृजनात्मक सोच उत्पन्न हो। रैली को राजनीतिक विज्ञान विभाग, एन.सी.सी. के विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से भाग लेकर सफल बनाया और लोगों को जागरूक किया।